तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 23 अगस्त 2025

12 एनएचएम के कर्मचारियों की हड़ताल से चरमराई स्वास्थ्य ...

13 स्वास्थ्य के लिए दुर्व्यसन से दूर रहें छात्र




## खबर संक्षेप

### संविदा कौशल परीक्षा 28 को

**बालोद**। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना अंतर्गत जिला में स्वीकृत सहायक जिला समन्वयक के संविदा पदों की भर्ती के लिए कौशल परीक्षा का 28 अगस्त को आयोजित की जाएगी। कौशल परीक्षा का आयोजन 28 अगस्त को सुबह 10 बजे से शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद में आयोजित होगी। इस संबंध में पृथक या व्यक्तिगतरूप से कोई पत्रचार नहीं किया जाएगा। कौशल परीक्षा में अनुपस्थित उम्मीदवार की उम्मीदवारी स्वमेव निरस्त मानी जाएगी।

### पत्नी की शिकायत पर पति समेत 3 पर मामला दर्ज

**बालोद**। जिले के आमाडुला निवासी एक महिला ने अपने पति और दो अन्य लोगों के खिलाफ प्रताड़ना, मारपीट और गला दबाने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज़ कराई है। पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 296 और 3(5) के तहत अपराध दर्ज़ कर ली है। पीड़ित महिला, गायत्री सोनवानी ने पुलिस को बताया कि उनके पति महेश सोनवानी ने एक दूसरी महिला को अपने साथ रखा हुआ है। गायत्री के अनुसार, महेश उन्हें घर छोड़ने के लिए दबाव डाल रहा हैं। गायत्री ने अपनी शिकायत में बताया कि हाल ही में उनके पति महेश और दूसरी महिला घर आए और महेश ने उनसे कहा कि वह उन्हें और उनके बच्चों का भरण-पोषण नहीं करेंगे। जब गायत्री ने अकेले यह ज़िम्मेदारी उठाने में असमर्थता जताई, तो महेश और महिला ने उसे ▸▸| शेष पेज 12 पर

## कार्रवाई

### पीड़ित के व्हाट्सएप पर भेजी थी पीएम किसान एपीके फाइल, डाउनलोड करते ही मोबाइल हैक किया

# 12 लाख की ऑनलाइन ठगी के तीन आरोपी बिहार से गिरफ्तार

### यूपीआई से रकम अलग-अलग खातों में ट्रांसफर की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

बालोद पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए पीएम किसान ऐप के नाम पर एक बुजुर्ग रिटायर्ड कर्मचारी से 12.13 लाख की ऑनलाइन धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को बिहार के जमुई से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में नीतीश कुमार दास 22 वर्ष ग्राम झुंडो, अरविंद कुमार दास 18 वर्ष ग्राम बटपाल, थाना चकई और राकेश कुमार दास 21 वर्ष ग्राम झुंडों, थाना खैरा, जिला जमुई बिहार शामिल हैं।

इस मामले में डौंडीलोहारा पुलिस स्टेशन और बालोद साइबर सेल की एक विशेष टीम बनाई गई थी। पीड़ित ने डौंडीलोहारा थाने में शिकायत दर्ज़ कराई थी कि उनके व्हाट्सएप पर एक पीएम किसान एपीके फाइल भेजी गई थी। जैसे ही उन्होंने इस फाइल को डाउनलोड किया, उनका मोबाइल हैक हो गया। आरोपियों ने पीड़ित के सिम का क्लोन बनाकर एक ई-सिम जनरेट किया और ओटीपी के जरिए फोनपे व अन्य यूपीआई माध्यमों से 12.13 लाख की रकम अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कर ली। पुलिस टीम ने तकनीकी जांच और संदिग्ध बैंक खातों की जानकारी जुटाकर बिहार के जमुई में दबिश दी। स्थानीय पुलिस की मदद से, तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।



### 15 लाख की संपत्ति जब्त

पुलिस ने आरोपियों से लगभग 15 लाख की संपत्ति भी जब्त की है। इसमें एक टॉप मॉडल वेन्यू कार, मोटोरोला कंपनी का एक विशेष मोबाइल EDGE 60 स्टाइलस, जिसका उपयोग ई-सिम बनाने के लिए किया जाता था, जियो पेमेंट बैंक और अन्य बैंकों से संबंधित दस्तावेज, एटीएम कार्ड, तीन मोबाइल फोन और एक लैपटॉप शामिल हैं।

### आरोपियों ने जुर्म कबूल किया

पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल किया और बताया कि वे ग्रुप में एपीके फाइल भेजते थे और जैसे ही कोई इसे डाउनलोड करता था, वे मोबाइल को हैक करके रकम उड़ा लेते थे। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

# चेक बाउंस पर 6 माह की जेल और 1.5 लाख का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| लाटाबोड़

बालोद के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने चेक बाउंस के एक मामले में आरोपी नवीन परिहार को 6 महीने के कारावास और 1.5 लाख के जुर्माने की सज़ा सुनाई है। यह फ़ैसला व्यापारियों के लिए एक महत्वपूर्ण मिसाल बन सकता है।

- आरोपी ने खाद कृषि केंद्र संचालक को दिया था डेढ़ लाख का चेक, चेक लगाने पर खाता में नहीं था पैसा

संतोषी बीज भंडार, बालोद के मालिक वैभव टावरी के वकील भेष कुमार साहू के अनुसार, आरोपी नवीन परिहार ने अपनी दुकान जैविक कृषि केंद्र के लिए कृषि कीटनाशक दवाइयां उधार पर ली थीं। किसानों से भुगतान मिलने के बाद भी, नवीन ने पूरी रकम नहीं चुकाई। 15 मई 2022 को जब हिसाब किया गया, तो 1.5 लाख की कुल उधारी बकाया थी। बार-बार तकाज़े के बाद, नवीन परिहार ने 1.5 लाख का एक चेक वैभव टावरी को दिया, लेकिन खाते में पैसे न होने की वजह से वह चेक बाउंस हो गया। इसके बाद, वैभव टावरी ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संजय कुमार सोनी की अदालत में शिकायत दर्ज कराई। मामले की सुनवाई के बाद अदालत ने नवीन परिहार को चेक बाउंस का दोषी पाया और उसे 6 महीने की जेल के साथ-साथ चेक में लिखी गई पूरी रकम, यानी 1.5 लाख का जुर्माना भरने का आदेश दिया। यह जुर्माना पीड़ित पक्ष को मुआवज़े के रूप में दिया जाएगा। व्यापारियों ने इस फ़ैसले पर खुशी ज़ाहिर करते हुए कहा कि ऐसे फ़ैसले उधार चुकाने में आनाकानी करने वालों को एक सबक सिखाएंगे। वकील ने यह भी बताया कि चेक बाउंस के मामले में दिया गया जुर्माना पीड़ित को मुआवज़े के रूप में मिलता है, और यदि मूल उधार की रकम ज़्यादा हो, तो उसके लिए अलग से सिविल कोर्ट में केस दायर किया जा सकता है।

# महिला से छेड़छाड़, युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| देवरीबंगला

ग्राम खैरा की महिलाओं ने गांव के युवक द्वारा गाली गलौज छेड़छाड़ एवं मारपीट से परेशान होकर पुलिस थाना देवरी में शिकायत की थी। इससे खफा होकर युवक चेतन कुमार ठाकुर ने खैरा गांव की सावित्रीबाई पति दानेश्वर निषाद के साथ गाली गलौज कर छेड़छाड़ की। गली में हंगामा भी कर रहा था।

इसी बात को लेकर दानेश्वर निषाद ने उसे मना किया लेकिन वह नहीं माना। दोनों के बीच विवाद हो गया। चेतन कुमार ठाकुर की शिकायत पर पुलिस ने दानेश्वर निषाद व अन्य साथियों पर कार्रवाई कर युवकों को जेल भेज दिया। महिलाओं ने बताया कि चेतन कुमार ठाकुर आए दिन गाली गलौज व मारपीट करता है। बिराजो बाई ने बताया कि चेतन कुमार ठाकुर ने उसके साथ भी लगभग 6 माह पूर्व लकड़ी से हमला किया था। उसके खिलाफ कई शिकायतें हैं। इसके बावजूद पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। ▸▸| शेष पेज 12 पर



# नपा कर्मचारी हड़ताल से कामकाज ठप, दफ्तर में लटके ताले

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दल्लीराजहरा

- 13 सूत्रीय मांगों को लेकर संघ का विरोध प्रदर्शन शुरू

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन और नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के आह्वान पर गुरुवार 22 अगस्त को दल्लीराजहरा समेत प्रदेश के नगर पालिका कर्मचारियों की हड़ताल से कामकाज पूरी तरह ठप हो गया। कर्मचारियों ने अपनी 13 सूत्रीय मांगों को लेकर कलम बंद-काम बंद हड़ताल कर मोर्चा खोला है।



हड़ताल के कारण नगरपालिका कार्यालयों में ताले लटके रहे है, जिससे जनता को परेशानी का सामना करना पड़ा। पानी की सप्लाई, साफ़-सफाई, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने, और टैक्स जमा करने जैसे ज़रूरी काम रुक गए। आम लोगों का कहना है कि सरकार कर्मचारियों की मांगों पर ध्यान नहीं दे रही है, जिसकी वजह से उन्हें बार-बार हड़ताल का सहारा लेना पड़ रहा है। हड़ताल की अगुवाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष गोविंद साहू ने की।

इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारी रामगोपाल चंद्राकर, उप अभियंता भानु प्रकाश घोष और अन्य कर्मचारी जैसे घनश्याम शर्मा, ऐलन चंद्राकर, विपिन बेहरा, सुनील ताराम, मनोज साहू, अनंत साहू, पंकज चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद थे। वहीं डौंडी निकाय से भी रतन भूषण वाहने और राजेंद्र साहू सहित कई अधिकारी-कर्मचारी इस हड़ताल में शामिल हुए।



## खबर संक्षेप

### ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले 319 लोगों पर कार्रवाई

**भिलाई।** नेशनल हाइवे और शहर की सड़कों पर रफ वाहन चलाने वालों, बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट के गाड़ी चलाने वालों पर ट्रैफिक पुलिस ने बिना हेलमेट वाहन चलाते 62, बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाने वाले 20, तीन सवारी दो पहिया वाहन चालकों के खिलाफ 35 और बिना रैश ड्राइविंग करने वाले 22 सहित कुल 319 लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई कर 10440 रुपए का चालान काटा है।

### एनएचएच कर्मियों ने मांगें पूरी करने खून से लिखा पत्र

**भिलाई।** गुरुवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग के 16 हजार कर्मचारियों का हड़ताल का चौथे दिन जारी रही। जिसमें स्वास्थ्य विभाग विभाग के एन एच एम कर्मचारी द्वारा मुखौटा पहनकर नुक्कड़ नाटक के द्वारा मोदी की गारंटी और छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संविदा कर्मियों के लिए कहीं गई मांग को दिखाया गया। स्वास्थ्य विभाग के एन एच एम कर्मचारी द्वारा 5 एमएल खून निकलवा कर एनएचएम कर्मचारियों को नियमित करो सरकार लिखा गया। उनका कहना था कि सरकार जब शिक्षा विभाग को रेगुलर कर सकते हैं। तो एन एच एम को रेगुलर क्यों नही कर रहे हैं। सरकार को पत्र खून से लिखा। उनका कहना है कि जुलाई 2023 से 27 प्रतिशत मिलना था एन एच एम कर्मचारियों को पर वह भी अभी तक नहीं मिल पाया है। महिला स्टाफ अपने छोटे बच्चों को लेकर हड़ताल पर पहुंची थी। 22 अगस्त शुक्रवार को संविदा प्रथा की शव यात्रा दुर्ग शहर में निकाली जाएगी।

### स्कूलों में जेडी का औचक निरीक्षण प्राचार्य व तीन व्याख्याता मिले गैरहाजिर

**भिलाई।** संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग हेमंत उपाध्याय ने कार्यभार संभालने के गुरुवार दूसरे दिन ही सरकारी स्कूलों का औचक निरीक्षण प्रारंभ कर दिया। स्कूलों में एक प्राचार्य सहित 3 व्याख्याता अनुपस्थित मिले। इन्हें नोटिस भेजा जा रहा है और एक दिन का वेतन काटने के निर्देश भी दिए गए हैं। जेडी उपाध्याय दुर्ग संभाग के जो जिले आते हैं उनकी भौगोलिक स्थिति, शिक्षा की स्थिति, संसाधनों आदि से वाकिफ रहे हैं। अनुशासनात्मक तेवर, लापरवाह शिक्षकों पर कारवाई और अच्छे शिक्षकों को प्रोत्साहित करना इनकी कार्यशैली में शामिल रहा है।

### नाइट ड्यूटी करके घर लौटे युवक ने लगाई फांसी

**भिलाई।** जामुल थाना अंतर्गत शिवपुरी वार्ड 16 कृष्णा चौक निवासी राजकुमार निर्मलकर (28 साल) ने अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। जामुल पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक राजकुमार शिवालिक कंपनी में काम करता था। बुधवार को उसकी नाइट ड्यूटी थी। नाइट ड्यूटी से गुरुवार सुबह वो घर आया और खाना खाकर सो गया। इसके बाद देर शाम वो अपने घर की पहली मंजिल पर बने कमरे में चला गया। नीचे पत्नी बच्चे और परिवार के लोग थे। खाना बन जाने के बाद पत्नी उसे खाना खाने के लिए बुलाने पहुंची तो कमरे का दरवाजा बंद था। काफी खटखटाने के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला तो पत्नी ने घरवालों को बुलाया। इसके बाद दरवाजा तोड़ा गया तो देखा कि वो दुपट्टे से फंदा बनाकर फांसी पर झूल गया है। परिजनो ने जामुल पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची।

पेज 11 के शेष

### महिला से ...

महिलाएं शिकायत लेकर विधायक कुंवर सिंह निषाद के पास पहुंची। विधायक उनके साथ थाने पहुंचकर स्थिति बताई। उन्होंने कहा कि महिलाओं की शिकायत की जांच कर शीघ्र कार्रवाई करें। थाना प्रभारी राकेश ठाकुर ने विधायक व महिलाओं को बताया कि मेरी पोस्टिंग 5 दिन पूर्व ही हुई है। शिकायत की जांच करने के बाद कार्रवाई अवश्य होगी। एसडीओपी बालोद मामले की जांच कर रहे हैं।

### पति की प्रताड़ना ...

गाली दी, मारपीट के दौरान गला दबा दिया। गला दबाने से गायत्री दर्द से चिल्लाने लगी, जिसके बाद उन्हें 108 एंबुलेंस से डौंडी के सरकारी अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया गया, जहां इलाज जारी है। इस शिकायत के बाद, पुलिस ने महेश सोनवानी और दो अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज़ कर लिया है और आगे की जांच कर रही है।

---

**पर्व**

**शहर में नादिया बैला व पोरा जांता की बिक्री बढ़ी**

# पोला पर्व आज, बैलों की पूजा और करेंगे विशेष श्रृंगार





हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

परंपरागत त्यौहार पोला पर्व की धूम इस समय ग्रामीण अंचलों में देखने को मिल रही है। शनिवार को मनाए जाने वाले इस पर्व के लिए शुक्रवार को हाट-बाजार में जबरदस्त रौनक रही। लोग सुबह से ही बाजार पहुंचकर मिट्टी से बने खिलौने, नंदी बैल और पोरा जांता खरीदते नजर आए।

हर दुकान पर महिलाओं और बच्चों की भीड़ लगी रही। पर्व से जुड़ी परंपरा के अनुसार इस दिन बैलों की पूजा और उनका श्रृंगार किया जाता है व पकवान बनाकर भोग लगाया जाता है, वहीं छोटे बच्चों को मिट्टी के खिलौने खरीदकर दिए जाते हैं। बाजार में बिक रहे मिट्टी के नंदी बैल और पोरा जांता 50-50 रुपये में लोगों को उपलब्ध हुए। मिट्टी के बैल व पोरा जांता बेचने वाले टेकराम कुंभकार का कहना है कि हर साल पोला पर्व से पहले मिट्टी के खिलौनों की मांग बढ़ जाती है। ग्रामीण परिवार अपने बच्चों के लिए पारंपरिक खिलौने लेना पसंद करते हैं। इस दिन बच्चे हरियाली अमावस्या पर बनाई गई गेड़ी का भी खूब आनंद लेते हैं। गेड़ी पर चढ़कर घूमना बच्चों के लिए सबसे बड़ा आकर्षण होता है।

परंपरा के अनुसार दूसरे दिन इन गेडियों का विसर्जन कर दिया जाता है। बच्चों की खिलखिलाहट और उत्साह पूरे गांव-शहर के वातावरण को आनंदमय बना देती है। शुक्रवार को बाजार में चहल-पहल इतनी रही कि मानो मेला-सा दृश्य बन गया हो। वहीं महिलाएं पूजा सामग्री, फल-सब्जी और घर-गृहस्थी की आवश्यक चीजों की खरीदारी करती रहीं। दुकानदारों ने बताया कि इस बार मिट्टी के खिलौनों की बिक्री अच्छी रही है और कीमतें भी सामान्य रखी गईं, ताकि हर कोई आसानी से खरीद सके। पोला पर्व सिर्फ धार्मिक आस्था से नहीं जुड़ा, बल्कि यह ग्रामीण अंचल की संस्कृति और परंपरा को भी संजोए हुए हैं। बैल किसानों की जीवनरेखा हैं और उनकी पूजा कर किसान समृद्धि की कामना करते हैं। बाजार की रौनक ने साफ कर दिया कि परंपरागत त्योहारों की चमक आज भी ग्रामीण जीवन में पूरी तरह बरकरार है।

### पोला उत्सव पर बैल जोड़ी सजावट प्रतियोगिता आज

**डौंडी।** श्री गोपाल गौरक्षा सेवा सदन, अवारीनाला डौंडी द्वारा शनिवार को पोला उत्सव पर बैल जोड़ी सजावट प्रतियोगिता का विशाल आयोजन रखा गया है। यह कार्यक्रम विकासखंड डौंडी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत भर्रीटोला-36 के बाज़ार चौक में आयोजित है। इस आयोजन में ग्राम पंचायत भर्रीटोला के सरपंच रेवा रावटे का विशेष सहयोग है। इस प्रतियोगिता में आसपास के समस्त ग्राम पंचायतों के किसान भाई-बहन बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। कार्यक्रम की सफलता हेतु ग्राम भर्रीटोला के किसान साथी एवं पंचायत के समस्त पदाधिकारी जुटे हुए हैं।यह आयोजन गौशाला डौंडी द्वारा वर्ष 2017 से निरंतर आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के साथ-साथ वे गौभक्त, जिन्होंने समय-समय पर गौशाला को विशेष सहयोग प्रदान किया है, उन्हें भी सम्मानित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य गौमाता के संरक्षण, संवर्धन एवं गौ-आधारित कृषि को प्रोत्साहन देना है। इसी भावना से यह कार्यक्रम हर वर्ष अलग-अलग ग्रामों में संपन्न कराया जाता है, ताकि घर-घर में गौमाता का व्यवस्थापन और महत्व स्थापित हो सके। इसमें प्रथम पुरस्कार 5100 रुपए, द्वितीय 4100, तृतीय 3100, चतुर्थ 2100, और पंचम पुरस्कार 1100 रुपए रखा गया है। सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुकेश कौडो, अध्यक्ष, जनपद पंचायत डौंडी रहेंगे। गौशाला के अध्यक्ष हिन्छा राम साहू, उपाध्यक्ष टेकराम एवं देवलु राम पटेल, सचिव डीएस मरकाम, महासचिव डीएस माली, व्यवस्थापक जीवन धनकर, नरोत्तम साहू, संरक्षक छगन यदु एवं समस्त सदस्यगण इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना विशेष योगदान दे रहे है।

# एनएचएम के कर्मचारियों की हड़ताल से चरमराई स्वास्थ्य सुविधाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

एनएचएम के कर्मचारियों ने 10 सूत्रीय मांगों को लेकर जिला मुख्यालय के नए बस स्टैंड परिसर में मानव श्रृंखला बनाकर विरोध प्रदर्शन किया। क म ' चा री नियमितीकरण, ग्रेड पे, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, लंबित 27 प्रतिशत वेतनवृद्धि व अन्य को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है।

■ 10 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारी संघ ने मानव श्रृंखला बनायी

कर्मचारियों ने हड़ताल के चौथे दिन कर्मचारियों ने तिरंगा रैली के लिए प्रशासन से अनुमति मांगी थी, लेकिन अनुमति नहीं मिल पाई। इसके बाद उन्होंने बस स्टैण्ड मे ही मानव श्रृंखला बनाकर अपना विरोध प्रदर्शन किया। जहां स्वास्थ्य मंत्री का बालोद में आगमन हुआ तो सभी कर्मचारियों ने मांग पूरी होने की आस में सड़क में खड़े होकर उनका स्वागत किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष खिलेश साहू, संरक्षक दिनेश खर्कवाल, उपाध्यक्ष प्रेम यादव, जिला सचिव यजेंद्र, पूर्व अध्यक्ष और संरक्षक रितेश साहू और अन्य कर्मचारियों ने जिले के तीनों विधायक को अपनी मांगों के संबंध में जानकारी दी। एनएच कर्मचारियों ने दावा किया कि हड़ताल से मरीजों को दवाइयां उपलब्ध नहीं हो रही है, नवजात शिशु वार्ड, पोषण आहार केन्द्र बंद है, शुगर, ब्लड टेस्ट, बलगम टेस्ट और नेत्रजांच बाधित है, स्कूल व आंगनबाड़ी स्वास्थ परीक्षण पूरी तरह ठप, रूटीन टीकाकरण बंद, कुष्ठ रोग जैसी बिमारियों की दवाइयां नहीं मिल रही है।

# भारतीय अग्निवीर थलसेना परीक्षा जिले के 1320 अभ्यर्थियों ने उत्तीर्ण की



**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार डिप्टी कलेक्टर एवं सेना भर्ती नोडल अधिकारी प्राची ठाकुर की अध्यक्षता में जिला प्रशासन एवं अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा संगठन बालोद की बैठक संपन्न हुई। बैठक में बताया गया कि जिले के भारतीय अग्निवीर थलसेना 2025 में ऑनलाइन लिखित परीक्षा का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया गया है। इसमें बालोद जिले से कुल 1320 अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन लिखित परीक्षा उत्तीर्ण की गई है। जिला प्रशासन बालोद द्वारा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा संगठन द्वारा प्रदान किया जाएगा।

बैठक में बताया गया कि सेना भर्ती कार्यालय द्वारा शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण परीक्षा का आयोजन दिसंबर या जनवरी में संभावित हैं। उन्होंने बताया कि जिले के ऑनलाइन लिखित परीक्षा उत्तीर्ण आवेदक अग्निवीर थलसेना के ऑनलाईन पंजीयन फार्म के साथ जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बालोद में 30 अगस्त तक सपंर्क कर सकते हैं।

### मारपीट करने वाले दो युवकों के खिलाफ अपराध दर्ज

**बालोद।** दही हांडी के दौरान गिर रहे लोगों को पकड़ने गए व्यक्ति के साथ मारपीट व गाली गलौज करने की घटना सामने आयी है। इसके बाद पीड़ित ने गाली गलौज करने वाले लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। नगर के वार्ड 4 टेबलर सीट निवासी तिलेश्वर ठाकुर ने पुलिस को बताया कि अपने साथी सूर्यकांत अरकरा, धीरज सिंह के साथ नगर पालिका के सामने मटकी फोड़ कार्यक्रम देखने गया था, कार्यक्रम के दौरान रात्रि को मटकी फोड़ने के लिए दर्रो और नरेश तथा पीयूष उपर चढ़े थे, जो गिर रहे थे, उसे पकड़ने के लिए गया था तो दर्रो और नरेश व पीयूष द्वारा क्यो पकड़ रहा है कहकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए दर्रों ने हाथ में रखे बाल्टी से तथा नरेश द्वारा हाथ थप्पड़ से मारपीट किया। मारपीट को देख मेरे साथी सूर्यकांत और धीरज सिंह आये तो उसे भी गाली गलौज करते हुए धमकी देते हुए सूर्यकांत को दर्रो द्वारा हाथ मुक्का से मारपीट की तथा धीरज सिंह को दर्रो व उनके दोस्त पियुष द्वारा हाथ में पहने चुड़ा से मारपीट किया। मारपीट करने से मेरे दाहिने आंख के उपर, सूर्यकांत के दाहिने हाथ, कमर में तथा धीरज सिंह के सिर में चोट आकर खून निकल रहा है।

# जनप्रतिनिधियों ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की ली शपथ





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चंदखुरी में सेक्टर स्तरीय रजत जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच कविता ठाकुर, उप सरपंच योगिता यादव, पंच भूपेंद्र सिंह, राहुल चंद्राकर, मनीष निर्मलकर, रमेश देशमुख, दुर्गेश साहू, उमा यादव, लक्ष्मी नाथ देशमुख, जिला पंचायत सदस्य आशा मिश्रा पूर्व जनपद सदस्य विक्की मिश्रा शामिल हुए। स्वास्थ्य विभाग से जनक पटेल, श्रीशांत दुबे खिलेश्वर चंद्राकर, गोविंद साहू, लक्ष्मी शर्मा, भाग्यवान यादव, शिक्षा विभाग से शिखा मिश्रा प्राचार्य, रश्मि पाठक, बीआर जोशी, तोशी पटेल, संजू मिश्रा, के साहू, सुमन स्वर्णकार आदि शामिल हुए।

इस कार्यक्रम मे 138 किशोरी बालिकाओं का हीमोग्लोबिन व सिकलिंग टेस्ट किया गया। जिला सदस्य विक्की मिश्रा द्वारा बाल विवाह से संबंधित जानकारी दी गई। सरपंच कविता ठाकुर ने बालिकाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में ड्राइंग प्रतियोगिता निबंध प्रतियोगिता रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम ज्योति देशमुख, द्वितीय रितु साहू, तृतीय कल्पना निबंध प्रतियोगिता में प्रथम नम्रता, दूसरा नेहा, तृतीय मुस्कान साहू ड्राइंग प्रतियोगिता प्रथम युक्ति, द्वितीय मेघा, तृतीय हिमांशी का रहा। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ हेतु शपथ दिलायी गई और रैली निकाली गई।

# छग रजत महोत्सव पर जिले के कला केंद्र में हुई संगीत प्रतियोगिता







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के उपलक्ष्य में जिला मुख्यालय बालोद स्थित कला केंद्र में एक शानदार संगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

■ प्रतिभागियों ने गायन, बांसुरी वादन और वायलिन जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रतिभागियों ने गायन, बांसुरी वादन और वायलिन जैसे क्षेत्रों में अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता में स्थानीय प्रतिभागियों ने अपनी कला के माध्यम से छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक समृद्धि को दर्शाया। गायन में मधुर स्वरों ने श्रोताओं का दिल जीता, तो बांसुरी और वायलिन की मधुर धुनों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। प्रत्येक प्रस्तुति में प्रतिभागियों ने अपनी मेहनत और समर्पण को प्रदर्शित किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। प्रतियोगिता में तांजल नेताम द्वारा बांसुरी वादन, निखिल साहू द्वारा वायलिन वादन, अरूण कुमार साहू द्वारा गजल सहित शुभांगी शुक्ला, भूषण सिन्हा, रमा शुक्ला, लव कुमार सिंह, जितेन्द्र कुमार सोनी और कृष्णा सोनी द्वारा गायन प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल हमारी सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत रखते हैं, बल्कि युवा प्रतिभाओं को अपनी कला को निखारने का अवसर भी प्रदान करते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहन देने की बात कही। डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर ने कहा कि राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान जिले में विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर रूप से किया जाएगा।

# विश्व बंधुत्व दिवस पर रक्तदान शिविर 25 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, आत्मज्ञान भवन, आमापारा बालोद में संस्था की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनि दादी प्रकाशमणि की पुण्यतिथि को विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर भारत और नेपाल में रक्तदान महाअभियान चलाकर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड बनाया जाएगा। इन्हीं शिविरों की श्रृंखला में जिला चिकित्सालय बालोद में 25 अगस्त को प्रातः 10 से 4 बजे तक विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत देशभर के छह हजार से अधिक सेवा केंद्रों से एक लाख यूनिट रक्तदान एकत्रित कर विश्व रिकार्ड बनाने का लक्ष्य है।

ब्रह्माकुमारीज बालोद संचालिका विजयलक्ष्मी ने बताया कि इस रक्तदान शिविर का आयोजन भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, जिला ब्लड बैंक, रेडक्रॉस सोसायटी, सरकारी अस्पताल, मेडिकल कॉलेज, रोटरी इंटरनेशनल क्लब, लायंस क्लब, आईएसबीटीआई, डिफेंस फोर्सेज, एनसीसी, एनएसएस, कॉरपोरेट्स एवं अन्य स्थानीय संस्थाओं के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर न केवल रक्त की कमी को पूरा करेगा, बल्कि समाज में मानवता और बंधुत्व की भावना को भी सशक्त करेगा।

उन्होंने बताया कि एक यूनिट रक्त तीन से चार लोगों की जान बचा सकता है। रक्त का कोई —त्रिम विकल्प नहीं है। इसे केवल इंसान से इंसान को ही दिया जा सकता है। रक्तदान से शरीर में नया रक्त बनने की प्रक्रिया सक्रिय होती है, आयरन लेवल संतुलित रहता है और हृदय रोग का खतरा भी कम होता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान से शरीर को कोई नुकसान नहीं होता तथा रक्तदान से 24 से 48 घंटों के भीतर शरीर में नया रक्त बनने लगता है।

# आपसी रंजिश के कारण एक की हत्या एक पर प्राणघातक हमला, उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

छावनी थाना अंतर्गत साईं मंदिर हनुमान नगर में आपसी रंजिश के कारण 6 लोगों ने मिलकर एक युवक की हत्या कर दी। वहीं एक अन्य को बुरी तरह घायल कर दिया। मामले में जिला एवं सत्र न्यायाधीश के विनोज कुजूर ने पांच लोगों को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास से दंडित किया। पुलिस ने इस मामले में एक अन्य सुपेला निवासी लोकेश पांडेय को भी आरोपी बनाया था। साक्ष्य के अभाव में कोर्ट ने उसे दोषमुक्त कर दिया। मामले में शासन के तरफ से पैरवी लोक अभियोजक एमके दिल्लीवार ने की।

■ जिला एवं सत्र न्यायाधीश के विनोज कुजूर के न्यायालय से आया फैसला

प्रकरण के मुताबिक घटना 19 जून 2022 की रात करीब 12 की है। आरोपी सोना उर्फ जोस अब्राहम (22 वर्ष), टिप्पू उर्फ अमन भारती, निखिल साहू (19 वर्ष), भूपेंद्र साहू, पिंटू उर्फ प्रीतम सिंह, निखिल एंजल ने रंजिश सिंह की बेदम पिटाई की। उस पर बेस बल्ला और अन्य हथियारों से हमला किया गया। साथ ही रंजित के साथ शुभदीपक उर्फ बछड़ा सिंह पर भी प्राणघातक हमला किया गया। मामले में पुलिस ने लोकेश पांडेय को भी आरोपी बनाया। प्रकरण तैयार कर विचारण के लिए न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहां से लोकेश पांडेय को छोड़कर सभी आरोपियों पर दोष सिद्ध पाया गया।

आरोपियों को धारा 307 में 7 साल, एक हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया गया। राशि अदा नहीं करने पर छह माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। इसी प्रकार धारा 302 में आजीवन कारावास और 1 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। राशि अदा नहीं करने पर छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतानी होगी। दोनों सजाएं साथ में चलेंगी।

### धान में काई की समस्या वैज्ञानिकों ने की जांच

**दुर्ग।** अल्प वर्षा के कारण जिले की धान की फसल में काई की समस्या सामने आई है। इसे लेकर कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा के वैज्ञानिकों ने खेतों में जांच की। वैज्ञानिकों के मुताबिक धान में काई की समस्या बहुतायत में बढ़ रही है। काई धान की खेती में आने वाली एक प्रमुख समस्या है, जिसके निदान के लिए एडवाइजरी भी जारी की गई। पानी भरे खेत में कंसे निकलने से पहले ही काई का जाल फैल जाता है, जिससे धान के पौधे तिरछे हो जाते हैं। इलाज के रूप में नीला थोथा (कॉपर सल्फेट) की 500-600 ग्राम मात्रा को अच्छे से पीस कर सूती कपड़े की पोटली बनाकर 5-6 स्थानों पर सामान दूरी में खेत में भरे पानी में रख दें, जिससे काई की पर्त फट जाती है।

# यूथ रेडक्रास दल का प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण हुआ





**बालोद।** कन्या महाविद्यालय में भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा बालोद द्वारा यूथ रेडक्रास दल का प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जिला शाखा से प्रमुख अतिथियों जिला संगठक चंद्रशेखर पवार, वाइस चेयरमेन जिला शाखा कमला वर्मा, शशिकला देशमुख, सुशीला जामवंते तथा प्राथमिक सहायता प्रशिक्षक जिला शाखा एनुका सार्वा उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक रेडक्रास प्रभारी डॉ. दीपाली के स्वागत उद्बोधन से हुआ तत्पश्चात चंद्रशेखर पवार द्वारा रेडकास की स्थापना का विस्तृत परिचय दिया गया तथा इसके मुख्य उद्देश्यों को बताया। कार्यक्रम मे कमला वर्मा, शशिकला देशमुख, सुशीला जामवंते ने सड़क दुर्घटना प्रबंधन सर्पदंश मधुमक्खी के काटने से बचाव संबंधी प्राथमिक उपचार की विस्तृत जानकारी दी तथा हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी साझा की। एनुका सार्वा द्वारा महिलाओं से जुड़े रोगों तथा ब्रेस्टकैंसर विषय पर विस्तार में बताया। कार्यक्रम का समापन रेडक्रास गीत के साथ हुआ तथा प्रभारी प्राचार्य के आभार प्रदर्शन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रो. तरूण कुमार, प्रो. धीवराज भोयर, डॉ. अमित कुमार सिंह प्रो संतोष कुमार राना, विनोद कुमार साहू, डॉ श्रेष्ठा शुक्ला, जिज्ञासा पटेल एवं महाविद्यालय के समस्त कर्मचारी एवं छात्राएं उपस्थित थीं।

## खबर संक्षेप



### एसडीएम ने किया आत्मानंद स्कूल का निरीक्षण

**बालोद।** एसडीएम रामकुमार सोनकर ने पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय गुरूर का आकस्मिक निरीक्षण कर अध्ययन–अध्यापन के व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों के साथ जमीन में बैठकर भोजन कर भोजन की गुणवत्ता को परखा। इस मौके पर एसडीएम सोनकर ने क्लास रूम में पहुंचकर संबंधित कालखण्ड में अध्यापन कराए जा रहे विषय के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों से उनके पाठ्यपुस्तक से संबंधित प्रश्न भी पूछे। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित संस्था के प्राचार्य एवं शिक्षकों को समय पर विद्यालय में उपस्थित होकर पूरी लगन एवं ईमानदारी के साथ बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में अपनी बहुमूल्य भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा।

### आईटीआई में मनाया गया प्रवेशोत्सव



**बालोद।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सुरेगांव में 18 एवं 19 अगस्त को नई कौशल पथ–नई राह, नया हुनर थीम पर आधारित प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सूरेगांव के प्राचार्य ने बताया कि कार्यक्रम में नव प्रवेशित प्रशिक्षणार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस 18 अगस्त को फिटर, विद्युतकार, कोपा, एवं डीजल मैकेनिक के नव प्रवेशित प्रशिक्षणार्थियों का स्वागत किया गया। इस दौरान संस्था के प्रशिक्षण अधिकारियों के द्वारा अप्रेंटिसशीप एक्ट, रोजगार एवं स्वरोजागर, सीबीटी की जानकारी, आदि के संबंध में जानकारी बताई गई। इसी तरह कार्यक्रम के द्वितीय दिवस 19 अगस्त के कार्यक्रम में तहसीलदार देवरीबंगला प्रीतम साहू एवं तथा विद्युत विभाग सुरेगांव से ओम प्रकाश ध्रुव तथा पूर्व प्रशिक्षणाथएँ द्वारा नए प्रशिक्षणार्थियों को अपने अनुभव साझा किया गया। प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशिक्षणार्थियों का मनोबल बढ़ाने और तकनीकी शिक्षा ग्रहण करने में अधिक से अधिक रुचि प्रदान करना है।

### आत्महत्या के लिए उकसाने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** दुर्ग पुलिस ने युवक का अश्लील वीडियो बनाकर उसे वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने और युवक को आत्महत्या करने के लिए मजबूर करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामले में अन्य आरोपियों की पता तलाश जारी है। पुलिस प्रवक्ता एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मामला बीते जून महीने का है। 13 जून को अमर सिंह निवासी शांति नगर भिलाई ने वैशाली नगर थाने में अपने भाई हरविंदर सिंह की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

**कार्यशाला : कॉलेज में धूम्रपान निषेध और नशा मुक्ति पर कार्यशाला का आयोजन**

# स्वास्थ्य के लिए दुर्व्यसन से दूर रहें छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शासकीय नवीन कॉलेज जेवरतला में धूम्रपान निषेध, नशा मुक्ति पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें गायत्री विद्यापीठ द्वारा शराब, तंबाकू, गुड़ाखू का सेवन से होने वाले दुरष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया गया तथा नशे को परिवार के उजड़ने का मुख्य कारण बताया।

गायत्री पीठ द्वारा बताया गया कि लोग पुरानी आयुर्वेदिक चीजे जैसे दातुन की जगह आज गुड़ाखू से मंजन कर रहे हैं, जो मुंह के कैंसर का कारण है। आज हमारे इस दातुन का उपयोग विदेशों में जोर–शोर से किया जा रहा है क्योंकि इसके बहुत से फायदे हैं। बबूल व नीम के दातुन के लगातार प्रयोग से मुंह व पेट के कैंसर से बचा जा सकता है। छत्तीसगढ़ में सिगरेट और बीड़ी का उपयोग लोग बड़ी संख्या में करते हैं। इसके जहरीले धुएं में कार्बन मोनो ऑक्साइड पाया जाता है और यही ओजोन परत में छेद का मुख्य कारण है। शराब दिमाग का संतुलन पूरी तरह खत्म कर देती है। उन्होंने आगे कहा कि शराब के नशे में धुत होकर आज का व्यक्ति अपने ही परिवार के सदस्यों की हत्या करने पर उतारू हो चुका है। छत्तीसगढ़ को नशा मुक्ति बनाने में छात्रों की अहम भूमिका बताते हुए कहा कि वह आज के युवा शक्ति व समाज का भविष्य है। ये युवा ही इस अभियान को सही रूप में सार्थक बना सकते हैं। अपने दोस्तों, परिवार के सदस्यों, आस–पास के लोगों को नशे के दुष्प्रभाव के बारे जागरूक कर सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्रों को नशा ना करने की शपथ दिलाई गई। विद्यार्थियों से कहा बेहतर जीवनशैली को ही अपनाएं इसी तरह हायर सेकंडरी स्कूल गुजरा में जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इसमें छात्र–छात्राओं को साइबर, नशामुक्ति अभियान एवं यातायात नियमों का पालन को लेकर जागरूक किया गया। नशामुक्ति पर जानकारी साझा करते हुए छात्रों को समझाया गया कि नशा किस प्रकार व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक जीवन को प्रभावित करता है। पारिवारिक जीवन में क्लेश उत्पन्न करता है, अपराध एवं सड़क दुर्घटनाओं का कारण बनता है, विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने, बेहतर जीवनशैली अपनाने प्रेरित कर नशे के विरुद्ध संकल्प भी दिलवाया गया। डिजिटल युग में सुरक्षित रहने की नसीहत दी गई साइबर जागरूकता तथा यातायात नियमों का पालन करने के बारे में जानकारी देते हुए शिक्षकों एवं छात्रों को साइबर अपराधों से बचाव को लेकर जागरूक करते हुए बताया गया कि मोबाइल का लत एवं गलत उपयोग कैसे विद्यार्थी जीवन को प्रभावित करता है। सोशल मीडिया अपराध, ऑनलाइन गेमिंग, अनजान लिंक और ओटीपी शेयरिंग से जुड़े साइबर फ्रॉड के खतरों के बारे में बताया गया। मोबाइल का उपयोग पढ़ाई एवं कौशल विकास के लिए नियंत्रित समय सीमा में करने सुरक्षित इंटरनेट का उपयोग, मजबूत पासवर्ड और व्यक्तिगत जानकारी की गोपनीयता बनाए रखने के टिप्स दिए गए। साइबर अपराध होने की स्थिति में वे 1930 पर शिकायत दर्ज कर सकते हैं।



## ब्रह्माकुमारी प्रकाशमणि को दी श्रद्धांजलि





**बालोद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद में राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी दादी प्रकाशमणि का 18 वां स्मृति दिवस विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में मनाया गया। इसमें ब्रह्माकुमारी भाई बहनों ने मिलकर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर मुख्य संचालिका राजयोगिनी बीके. विजयलक्ष्मी ने कहा कि सृष्टि रंगमंच पर कुछ ऐसी महान विभूतियां जन्म लेती है जिन पर भगवान भी नाज करते हैं। जब कोई नारी किसी सत्ता, संगठन की कमान संभालती है तो उसे कैसे विश्व पटल पर रेखांकित कर देती है इसकी साक्षात प्रतिमूर्ति थीं ब्रह्माकुमारीज संस्थान की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणी जी। दादी एक ऐसी विदुषी नारी थीं, जिन्होंने यह सिध्द किया कि शांति स्वरूपा नारी महान सामाजिक क्रांति की नायिका बन सकती है। दादी जी ने अपने नेतृत्व में लाखों भाई–बहनों के जीवन में अद्भूत परिवर्तन लाकर उन्हें विश्व सेवा के लिए प्रेरित किया। संस्था की सेवाओं को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ ने 1987 में एक अंतर्राष्ट्रीय तथा पांच राष्ट्रीय स्तर के 'शांतिदूत' पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

## डाक कर्मी समूह ने सेवानिवृत्ति पर बसंत राव को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

एरिया के एबीपीएम एवं डाक कर्मी समूह शाखा डाकपाल सुरपा पुनीत राम साहू ने कहा कि बसंत राव शिंदे शासकीय प्रक्रिया के कारण सेवानिवृत हो रहे हैं, लेकिन लगन और जिम्मेदारी के साथ उनके द्वारा किए गए कार्यशैली हम सब साथियों को प्रेरित करते रहेगी।

सरल स्वभावी इमानदार छवि के एबीपीएम बसंत राव शिंदे 45 साल के सर्विस लाइफ में बेदाग और ऊर्जावान रहे जिनकी याद केवल साथियों को ही नहीं बल्कि आम जन को भी याद दूसरे डाक कर्मी को देखते ही आ जाएगी। इस मौके पर ने गुरुवार को जामगांव आर में विदाई समारोह आयोजित कर नगर डाकघर में पदस्थ एबीपीएम बसंत शिंदे को सेवानिवृत होने पर बिदाई दी। विदाई समारोह में जामगांव आर, करेला, बेलहारी, धमना, सुरपा, निपानी, रनचीराई, भाठागांव आर सभी डाकघरों के अधिकारी कर्मचारियों का सहयोग रहा। शाल श्रीफल उपहार से रिटायर्ड एपीबीएम बसंत शिंदे साथियों द्वारा स्वागत सम्मान से भाव विभोर मुद्रा में रहे। इस मौके पर शाखा डाकपाल जामगांव आर अर्चना चंद्राकर, सहायक शाखा डाकपाल अनिता ठाकुर, शाखा डाकपाल करेला प्रहलाद कुमार बंछोर, सहायक शाखा डाकपाल करेला सागर कुमार साहू, शाखा डाकपाल सुरपा पुनीत राम साहू, शाखा डाकपाल रनचिरई शिव कुमार साहू, शाखा डाकपाल रानीतराई अश्वन कुमार नेताम, सहायक शाखा डाकपाल रानीतराई दुलार सिंह ठाकुर, सहायक शाखा डाकपाल निपानी राधेश्याम सिन्हा, शाखा डाकपाल धमना जशवंत कुमार शोरी, सहायक शाखा डाकपाल बेल्हारी रीना साहू, शाखा डाकपाल भाठागांव आर मुन्नी ठाकुर, सहायक शाखा डाकपाल भाठागांव आर महिमा लहरे साहित कर्मचारी उपस्थित थे।



**मां कर्मा प्रतिभा प्रोत्साहन समिति ने लिया निर्णय**

## जिले के 500 प्रतिभावान और जरुरतमंद छात्र होंगे सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मां कर्मा प्रतिभा प्रोत्साहन समिति प्रदेश के सभी जिलों के लगभग पांच सौ से अधिक जरुरतमंद बच्चों का सम्मान करेगी। प्रदेश के अलग–अलग विभागों से सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों और कर्मचारियों ने इस समिति का गठन किया है। इसके तहत हाई स्कूल की प्रवीण्य सूची में स्थान बनाने वाले बालोद जिले के चार छात्र छात्राओं का सम्मान किया जाएगा।

इसमें स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ठ इंग्लिश मिडियम स्कूल अर्जुन्दा की छात्रा भावना पिता अनिल कुमार साहू जिन्होंने 98.17 प्रतिशत व ध्रुव साहू पिता चम्पा लाल साहू 97.83 प्रतिशत का सम्मान किया जाएगा। प्रयास शासकीय रेसीडेंटल स्कूल पिनकापार की छात्र भूमिका साहू पिता मनोज कुमार माता गायत्री साहू 97.67 प्रतिशत व ज्ञानदीप हायर सेंकेण्डरी स्कूल गुण्डरदेही की छात्रा लिलिमा पिता नरेन्द्र साहू 97 प्रतिशत का सम्मान किया जाएगा। सभी बालोद जिले के विद्यार्थी है।

इसके तहत दसवीं और बारहवीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जरूरतमंद बच्चों को चेक देकर सम्मानित किया जाएगा। संचालक मंडल के पदाधिकारी टेकराम साहू एवं दिनेश कुमार साहू ने बताया कि आर्थिक रुप से कमजोर बच्चों को मदद करने के उद्देश्य से इसका गठन किया गया है। इसके लिए प्रदेशभर में अभियान चलाकर फंड एकत्रित किया गया है। इसके माध्यम से बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए भी आर्थिक मदद प्रदान की जाएगी। इसमें इंजीनियरिंग, मेडिकल के अलावा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले बच्चों का खर्च उठाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि राजधानी रायपुर के मधु पिल्लै चौक स्थित विमतारा भवन में इस प्रोत्साहन समारोह का आयोजन रविवार 24 अगस्त को किया जा रहा है। सुबह दस बजे से शाम पांच तक होने वाले इस आयोजन में प्रदेशभर के प्रतिभावान बच्चे और उनके परिजन शामिल होंगे।

## गुंडरदेही के आईटीआई में भी मनाया गया प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गुण्डरदेही में 'नव कौशल पथ–नई राह नया हुनर' थीम पर 18 एवं 19 अगस्त को 2 दिवसीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गुण्डरदेही के प्राचार्य ने बताया कि कार्यक्रम के प्रथम दिवस संस्था में सत्र 2025–26 में नव प्रवेशितों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्रशिक्षण अधीक्षक व्ही. एल ठाकुर तथा अध्यक्षता शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गुण्डरदेही के प्राचार्य श्री एस.डी. खिलारी ने की।

कार्यक्रम में प्रशिक्षण अधिकारी जितेन्द्र कुमार द्वारा राज्य में संचालित संस्थाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही एप्रेंटिसशीप एक्ट एवं एनएपीएस की जानकारी प्रशिक्षण अधिकारी शेखर साहू द्वारा प्रदान की गई। इसी तरह परीक्षा एवं कम्प्यूटर बेस्ड टेस्ट के संबंध में जानकारी प्रशि अधिकारी सुशील कुमार दुबे एवं पुरन लाल ठाकुर द्वारा गई। इसी तरह आई.टी.आई उत्तीर्ण होने के उपरांत डिप्लोमा पाठ्यक्रम में लेटरल एंट्री आशीष कुमार साहू एवं राज्य की संस्थाओं में संचालित योजनाओं तथा ईरोजगार, सीजी करियर आदि के संबंध में प्रशिक्षण अधिकारी मोहित कुमार साहू द्वारा प्रदान की गई। कार्यक्रम के द्वितीय दिवस विशिष्ट अतिथि उद्यमी नीलकमल साहू, मनीष साहू एवं गैंद लाल साहू द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार एवं स्वरोजगार के क्षेत्र में मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम मे भूतपूर्व प्रशिणार्थियों के द्वारा भी नव प्रवेशित प्रशिणार्थियों को अपने अनुभव एवं मागदर्शन प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षण अधिकारी मोहित कुमार साहू, जितेन्द्र कुमार, पुरन लाल ठाकुर, आशीष कुमार साहू तथा शेखर साहू सुशील कुमार दुबे, कौशल कुमार धनकर, कुलदीप टंडन उपस्थित थे।





**उपमुख्यमंत्री ने निर्माण कार्यों के लिए 49 करोड़ 80 लाख की स्वीकृति दिलायी**

# जिले में बनेंगे 166 महतारी सदन, मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रदेश के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा आपसी समरसता स्थापित करने सामायिक कार्यक्रमों में सामूहिक भागीदारी तथा महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार महतारी सदन का निर्माण कार्य किया जाना है।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयास से 166 महतारी सदन की स्वीकृति आदेश जारी किया गया है, इसके लिए 49 करोड़ 80 लाख की स्वीकृति जारी की गई है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि न्यू इंडिया के ग्रोथ साइकल में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आत्मनिर्भर भारत अभियान महिलाओं की क्षमता को देश के विकास के साथ जोड़ रहा है। प्रदेश के ग्राम पंचायतों में बनने जा रहा महतारी सदन भी इसी दिशा में एक प्रयास है। उन्होंने कहा कि लगातार ग्राम भ्रमण के दौरान महिलाओं द्वारा बैठने की स्थान न होने की शिकायत की और बैठने हेतु स्थान दिलाने की मांग की जाती रही, इसलिए महतारी सदन बनाने का विचार आया। ततपश्चात महिलाओं को रोजगार दिलाने और उनको काम काज के लिए स्थान उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश सरकार गांवों में महतारी सदन बनाने जा रही है। अब तक 368 महतारी सदन की स्वीकृति इसी उद्देश्य को पूर्ति के लिये जारी किया है। कार्यों में एकरूपता के दृष्टिकोण से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा कार्य का एक मानक डिजाईन एवं प्राक्कलन तैयार किया गया है। प्रति महतारी सदन की लागत राशि रुपये 30 लाख होगी।



### पांच वर्षों में सभी पंचायतों में महतारी सदन बनाने की योजना

प्रदेश के सभी ग्राम पंचायतों में महतारी सदन बनाया जाएगा। महतारी सदन बनाने की शुरुआत हो गयी है। पहले चरण में प्रदेश के प्रत्येक विकासखंड में महतारी सदन बनना प्रारंभ किया जा रहा है व 5 साल में सभी ग्राम पंचायत में महतारी सदन बनेंगे। प्रदेश में बनने वाले महतारी सदन का निर्माण लगभग 2500 वर्गफुट में कराया जाएगा। सदन में कमरा, शौचालय, बरामदा, हाल, किचन और स्टोररूम जैसी सुविधाएं रहेगी। पानी के लिए ट्यूबवेल के साथ वाटर हार्वेस्टिंग भी किया जाएगा। महिलाओं की सुरक्षा के लिए इसमे बॉउंड्रीवाल भी बनाये जाएंगे। महतारी सदन में सामुदायिक शौचालय का भी निर्माण किया जाएगा।



**खबर संक्षेप**



## भाजपा ने मरीजों को बांटे फल और बिस्कुट

**गुण्डरदेही।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन के जन्मदिवस पर कार्यकर्ताओं ने गुण्डरदेही के विभिन्न अस्पतालों एवं दैनिक कामगारों को फल व बिस्कुट वितरण और पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर जिला संयोजक सतीश महोबिया, जिला कार्यकारणी सदस्य सौरभ चोपड़ा, महामंत्री मयंक अग्रवाल, तीरथ साहू व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हायर सेकंडरी खरथुली में मना स्वतंत्रता दिवस



**बालोद।** उच्च माध्यमिक विद्यालय खरथुली में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। विद्यालय में ध्वजारोहण प्राचार्य भागवत चतुर्वेदी ने एवं पंचायत भवन में सरपंच हरखराम खरे ने किया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री के सन्देश वाचन कर प्राचार्य भागवत प्रसाद चतुर्वेदी ने कहा आपके पास नेतृत्व की शक्ति है, और वही शक्ति देश की एकता को मज़बूत करने के लिए हम सब एक रहे तो भारत की अस्मिता को बचा सकते हैं। कार्यक्रम के मुख्यातिथि सरपंच हरखराम खरे ने कहा आज का आपका निर्णय केवल वर्तमान को नहीं, आने वाली पीढ़ियों की दिशा को भी तय करेगा। कार्यक्रम में ग्राम पटेल रामदयाल बनजारे, कीर्तन राम देवांगन, दिलेन्द्र साहू, भीषम चन्द्राकर, कमल पिस्दा, गीताराम गायकवाड़, राजेश साहू, डामेंद्र साहू, खेमलाल ठाकुर, हरीश रावटे, लालेश्वर ठाकुर, सौरभ कुमार, रेखा देशमुख, यसोदा नायक, इंदु वर्मा, मनोहर सिन्हा का योगदान रहा।

## वाहन की ठोकर से घायल युवक को आर्मी जवान ने पहुंचाया अस्पताल

**बालोद।** आर्मी जवान ने सड़क में अज्ञात वाहन की ठोकर से गिरे व्यक्ति को उठाकर अस्पताल पहुंचाया तथा अज्ञात वाहन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया है। इसके बाद पुलिस ने धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। ग्राम जमही निवासी पुना राम दर्रो ने पुलिस को बताया कि आर्मी में जम्मू काश्मीर में पदस्थ हूं, आर्मी से अवकाश में घर ग्राम जमही आया हूं, दोपहर ग्राम जमही से ग्राम दल्लीराजहरा आ रहा था, पेट्रोल पंप के आगे बजरंगबली मंदिर के पास खल्लारी जाने वाले मोड पर अज्ञात वाहन के चालक द्वारा तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते ग्राम गुण्डराटोला निवासी गोकुल के मोटर सायकिल क्रमांक सीजी 05 एक्स 3494 को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया है, जिससे गोकुलराम मोटर सायकिल से गिरकर रोड में पड़ा था, जिसके सिर, पैर में चोट आयी है। गोकुल राम को निजी वाहन से उपचार के लिए अस्पताल चिखलाकसा लाया हूं, गोकुल राम को उपचार के बाद जिला अस्पताल बालोद रिफर किया गया है।

### आयोजन : सरदार पटेल मैदान से कार्यकर्ताओं एवं नगरवासियों ने निकाली बाइक रैली, लड्डुओं से तौला गया

# भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन के अभिनंदन में उमड़ा जनसैलाब







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भाजपा प्रदेश महामंत्री का पद संभालने के बाद पहली बार नगर पहुंचे यशवंत जैन के स्वागत अभिनंदन के लिए नगर के साथ पूरा जिला उमड़ पड़ा। बालोद जिलावासियों के साथ कांकेर, दुर्ग, राजनांदगांव, धमतरी, रायपुर, बस्तर व अन्य जिला के कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा विधायक, नगरीय निकायों के अध्यक्षों, संगठन प्रमुख भी नागरिक अभिनंदन समारोह में पहुंचे। जिला भाजपा कार्यालय में यशवंत जैन के साथ प्रदेश भाजपा प्रवक्ता देवलाल ठाकुर का भी नागरिक अभिनंदन किया गया।

जिले के यशवंत जैन ने सरकार संगठन में प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय तक अपनी प्रतिभा से जिला का मान कई बार बढ़ाया है। ऐसा पहली बार हुआ है कि 90 के दशक से राजनीति, विभिन्न क्षेत्रों, संगठनों में सदस्य रहे।



प्रदेश संगठन में प्रदेश महामंत्री पद भार ग्रहण करने के बाद भाजपा संगठन व नगरवासियों ने यशवंत जैन का नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित किया। यशवंत जैन का 22 अगस्त को जन्मदिन भी था, इसलिए भी यह आयोजन विशेष हो गया था। यशवंत जैन का नागरिक अभिनंदन नगर के सरदार पटेल मैदान में प्रातः से ही कार्यकर्ता व नगरवासियों के साथ अन्य जिलों से पहुंचे कार्यकर्ता व नागरिक एकत्रित होने लगे थे। यशवंत जैन के नागरिक अभिनंदन में जिला के सभी 17 मण्डल, पांचों जनपद, पंचायतों, जिला पंचायत पदाधिकारियों, वकीलों, मस्जिद कमेटी के पदाधिकारी, मजदूर, संगठनों, किसान संगठनों, महिला संगठनों, कामगार संगठन, हमाल संगठन, विभिन्न युनियनों के पदाधिकारी, सदस्य, विभिन्न समुदाय, संगठनों, समूहों के साथ कार्यक्रम में यादव समाज, साहू समाज, आदिवासी समाज, माहेश्वरी समाज, अग्रवाल समाज, जैन समाज, निर्मलकर समाज, सिन्हा समाज सहित अन्य समाजों के पदाधिकारी, सदस्यगण ने यशवंत जैन का स्वागत सम्मान किया।

नागरिक अभिनंदन समारोह में सभी मण्डलों के अध्यक्षों, महामंत्री व अन्य पदाधिकारियों के साथ पूर्व जिला अध्यक्ष व पूर्व विधायक प्रीतम साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष पवन साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर, उपाध्यक्ष तोमन साहू, नगर पालिका बालोद अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी सहित भाजपा के अनुसांगिक संगठनों के पदाधिकारी सम्मिलित हुए।

### नागरिकों ने मोती चूर के लड्डुओं से तौला

सरदार पटेल से कार्यकर्ताओं एवं नगरवासियों ने बाइक रैली के माध्यम से विशाल रैली निकाली। रैली इतनी लंबी थी कि रैली का अग्रभाग नगर की सीमा से बाहर निकल चुका था, लेकिन दूसरा सिरा सरदार पटेल मैदान में ही था। विशाल जन समुदाय के कारण जिला भाजपा कार्यालय के सामने बालोद–राजनांदगांव मार्ग में यातायात व्यवस्था संभालने में यातायात विभाग के पसीने छूट गए। नगर के मधु चौक में यशवंत जैन को नागरिकों ने मोती चूर के लड्डुओं से तौला। रैली बालोद नगर का भ्रमण कर पाररास व ग्राम जुंगेरा होते हुए भाजपा कार्यालय पहुंची। मार्ग के ग्रामों में भी क्षेत्र के ग्रामीणों ने अपने चहेते नेता का स्वागत सम्मान किया। जुंगेरा स्थित भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने यशवंत जैन को मिठाई से तौला।

## ब्रह्मकमल का फूल बना आकर्षण का केंद्र

**अंडा।** गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम भिलाई चीचा के चन्द्राकर के यहां हिमालय की पहाड़ियों में खिलने वाला दुर्लभ फूल खिला। उत्तराखंड की राजकीय पुष्प ब्रह्मकमल को पूर्ण रूप से पुष्पित होने में एक सप्ताह का समय लगा। ब्रह्मकमल के विषय में मान्यता है

कमल फूल के विभिन्न प्रजातियों में सबसे दुर्लभ है, जो हिमालय के ऊंचे शिखरों पर पाया जाता है, इसलिए इसे हिमालयी फूलों के राजा के रूप में भी जाना जाता है। ब्रह्म कमल फूल का वानस्पतिक नाम है। ब्रह्म कमल वैसे तो पूरे देश मे पाया जाता है लेकिन यह फूल मुख्य रूप मे हिमालय पर्वत वाले राज्य उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश जैसे



राज्यों में पाया जाता है।

यह एक औषधिगुणों से युक्त फूल वर्ष में मानसून के मध्य में यानी अगस्त से सितंबर माह में एक बार ही खिलता है जिसका उपयोग सर्दी-जुकाम के साथ असाध्य रोगों के

## राकेश यादव की पहल पर जिला अस्पताल को मिली सीटी स्केन मशीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





संजारी बालोद विधानसभा के राकेश यादव की संवेदनशीलता व सक्रियता से जिला को सीटी स्कैन मशीन की सौगात मिली है।

राकेश यादव ने पिछले वर्ष 2 अगस्त को स्वास्थ मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से भेंटकर उन्हें बालोद जिला अस्पताल में सीटी स्कैन व एमआरआई मशीन उपलब्ध कराने का ज्ञापन सौंपा था। राकेश यादव ने स्वास्थ मंत्री को बताया था कि जिला अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन नहीं होने से गरीब मरीजों को सस्ता सुलभ इलाज नहीं मिल पा रहा है। मरीजों को अन्यंत्र जाकर सीटी स्कैन कराना पड़ता है। राकेश यादव के ज्ञापन सौंपने के एक साल के अंदर ही सीटी स्कैन मशीन की स्वीकृति मिलने के साथ एक साल में उसका लाभ आम जनता को मिलने भी लगा है। गुरूवार को स्वास्थ मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने ही इसका उद्घाटन किया है। जनसेवक व पूर्व भाजपा प्रदेश मंत्री राकेश यादव ने कहा यह मोदी की गारंटी व विष्णु के सुशासन का चमत्कार है, ज्ञापन देने के तुरंत बाद संवेदनशील स्वास्थ मंत्री ने आश्वासन दिया था और बजट मे जिले को सीटी स्कैन मशीन की स्वीकृति प्रदान कर दी थी। प्रदेश की भाजपा सरकार संवेदनशील सरकार है।

## जिला अस्पताल में होगी एनेस्थीसिया विशेषज्ञ की नियुक्ति, पुरुर उपस्वास्थ्य केंद्र को मिलेगी एंबुलेंस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की मांग को लेकर जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने स्वास्थ्य मंत्री को मांग पत्र सौंपा। जिला पंचायत बालोद की उपाध्यक्ष एवं चेयरमेन इंडियन रेडक्रास सोसायटी रायपुर छत्तीसगढ़ तोमन साहू ने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री को जिला अस्पताल बालोद की ज्वलंत समस्या को

- **जिला पंचायत उपाध्यक्ष की मांग पर स्वास्थ्य मंत्री ने की घोषणा**

लेकर एक मांग पत्र सौंपा। इस मांग पत्र में जिला अस्पताल में लंबे समय से एनेस्थीसिया विशेषज्ञ, गायनेकोलॉजिस्ट एवं रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टरों के रिक्त पदों को शीघ्र भरने की मांग की। उपाध्यक्ष तोमन साहू ने बताया कि जिला अस्पताल बालोद पूरे जिले सहित आसपास के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों का मुख्य स्वास्थ्य केंद्र है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज इलाज हेतु पहुंचते हैं, किंतु विशेषज्ञ डॉक्टरों के अभाव में मरीजों को धमतरी, दुर्ग अथवा रायपुर जैसे अन्य जिलों में रेफर करना पड़ता है, जिससे गंभीर परिस्थिति में मरीजों को जान का जोखिम उठाना पड़ता है। गर्भवती महिलाओं की सुरक्षित डिलीवरी के लिए गायनेकोलॉजिस्ट





की नियुक्ति, शल्य क्रियाओं के लिए एनेस्थीसिया विशेषज्ञ और अल्ट्रासाउंड एवं एक्स–रे जैसी जांच सुविधाओं के लिए रेडियोलॉजिस्ट की तत्काल आवश्यकता पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि यह समस्या आम जनता, विशेषकर ग्रामीण व गरीब तबके के लिए अत्यधिक कठिनाइयां उत्पन्न कर रही है। जिला अस्पताल हेतु एनेस्थीसिया विशेषज्ञ एवं पूरूर उपस्वास्थ्य केंद्र हेतु एंबुलेंस की तत्काल घोषणा की।

उक्त मांग पर त्वरित कार्रवाई करते हुए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जिला हॉस्पिटल बालोद के लिए एनेस्थीसिया निश्चेतना विशेषज्ञ की तत्काल नियुक्ति एवं बालोद जिला अंतर्गत विकासखंड गुरुर के उप स्वास्थ्य केंद्र पूरूर हेतु एक एंबुलेंस की घोषणा जिला अस्पताल में आयोजित उद्घाटन समारोह के बीच में की मंत्री की इस घोषणा पर उपस्थित जन समुदाय ने खुशी जाहिर की। इस अवसर पर उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रदेश सरकार शीघ्र कार्यवाही कर जिला अस्पताल बालोद में आवश्यक विशेषज्ञ डॉक्टरों की पदस्थापना सुनिश्चित करेगी, ताकि जिले की जनता को सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें।

## गायत्री शक्तिपीठ में हुई ब्लॉक स्तरीय कार्यकर्ता गोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में सृजनात्मक स्तर पर सात आंदोलनों को गति देने व इनके विस्तार के लिए 21 अगस्त को गायत्री शक्तिपीठ में ब्लॉक स्तरीय कार्यकर्ता गोष्ठी हुई।

गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता राजेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि युग निर्माण परिवार अथवा गायत्री परिवार नामक संगठन नवयुग सृजन हेतु संकल्पित होकर अखिल विश्व स्तर पर पिछले कई वर्षों से रचनात्मक कार्य कर रही है जिसका उद्देश्य है मानव में देवत्व का उदय एवं धरती पर स्वर्ग का अवतरण, जो कि सात आंदोलन के माध्यम से नैष्ठिक युग साधकों द्वारा यज्ञीय आयोजनों द्वारा किया जा रहा है। साधना चार संयम के तहत समय, अर्थ, इंद्रिय व विचार संयम,



श्रेष्ठ विचारों का स्वाध्याय तथा व्यवहार में समझदारी, ईमानदारी, जिम्मेदारी, बहादुरी जैसे गुणों को अपनाना, शिक्षा के तहत विचार क्रांति साहित्य व बालसंस्कार शाला, स्वास्थ्य के तहत योग व्यायाम, आसन प्राणायाम व जड़ी बूटियां चिकित्सा, स्वावलंबन के तहत कुटीर उद्योग ग्रामोद्योग से आत्मनिर्भर बनना, पर्यावरण के तहत यज्ञीय आयोजन एवं वृहत पौधारोपण, महिला जागरण के तहत संस्कारवान धर्मनिष्ठ महिलाएं श्रेष्ठ पुरोहित–लोकशिक्षक की भूमिकाएं निभाना एवं व्यसन मुक्ति के तहत कुरीति उन्मूलन व्यसन से बचायें–सृजन में लगाएं युवाशक्ति को राष्ट्र निर्माण में लगाना व फैशन, फिजूलखर्ची, दहेज, विवाह में अपव्यव, मृतक भोज आदि ढेरों कुरीतियों को बंद कराना है। जिसके प्रभारी क्रमशः मानसिंह साहू, मोहनलाल साहू, राजेंद्र कुमार सिन्हा, मुकेश कुमार साहू, दशरथ कलिहारि, कांतिकमल साव एवं बीएस. नायडू को बनाया गया है। कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक लोचनराम साहू एवं जिला सहसमन्वयक दशरथ कलिहारि ने चुने हुए प्रभारियों को साधुवाद देते हुए राष्ट्रहित में अधिक से अधिक समयदान देकर युगधर्म निभाने की बात कही एवं 8 से 11 दिसंबर की तिथि में 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की तैयारी पर विशेष चर्चा की। उपस्थिति के रूप में गायत्री शक्तिपीठ ट्रस्टी कमलनारायण साव, टीआर साहू, श्याम बिहारी राजपूत, युगल साहू, रामभरोसा ठाकुर, नरेश कुमार साहू, उदय साहू, दिलीप पटेल, हेमबती सिहारे, भोमिन पटेल एवं क्षेत्र के परिजन शामिल हुए।

## कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष पर बनी सहमति, विधायक तय करेंगे नाम

**डौंडीलोहारा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत ब्लॉक अध्यक्ष चुनने ब्लाक कांग्रेस कमेटी की बैठक पेंशनर भवन मारीबंगला में हुई। बैठक में विधायक कुंवर सिंह निषाद तथा ब्लॉक के संगठन प्रभारी व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शिबू नायर उपस्थित थे। संगठन प्रभारी शिबू नायर ने

- **ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देवरी बंगला की हुई बैठक**



ब्लॉक अध्यक्ष चुनाव के संबंध में जानकारी दी। विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि संगठन में रहकर पार्टी के लिए वफादारी से कार्य करें। चुनाव संगठन को मजबूत करने के लिए ब्लॉक अध्यक्ष का चुनाव सर्वसम्मति से निर्विवाद हो। बैठक को जिला कांग्रेस कमेटी की पूर्व अध्यक्ष चंद्रप्रभा सुधाकर, उपाध्यक्ष गिरीश चंद्राकर, महामंत्री केशव शर्मा, प्रवक्ता सुनील गोलछा, इंदरचंद बाफना, केजूराम सोनबोईर, दीपक सिंह सौरभ देशमुख संजीव चौधरी ने भी संबोधित किया। सभी कार्यकर्ताओं ने सर्वसम्मति से विधायक कुंवर सिंह निषाद को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष का नाम तय करने की जिम्मेदारी दी। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक में बूथ प्रभारी मंडल कमेटी के पदाधिकारी सेक्टर प्रभारी सहित जनपद सदस्य भूपेश नायक, इंदरमन देशमुख, दुर्गा ठाकुर, सुमन सोनबोईर, खगेस ठाकुर, पुरुषोत्तम उर्वशा, ऐनकुमार साहू, प्रकाश देवांगन, संजय चौधरी, टीकाराम साहू, भारत नायक मुकुंद रावटे, खीलु कोठारी, प्रकाश साहू, टेमन देशमुख, रामजी ठाकुर, टामनसाहू, विजय तारम, बरसन निषाद, टीकम साहू उपस्थित रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

स्वामी जी-93406-38884
ज्योतिर्लिंग
By Train-रिजर्वेशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्र्यम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थल
यात्रा दिनांक
10 सितंबर 2025
29 अक्टूबर 2025
10 नवंबर 2025
10 दिसंबर 2025
11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-28,501/-ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम् धाम यात्रा
09 सितंबर, 07 अक्टूबर, 11 नवम्बर, 23 दिसंबर 2025 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411